# किसानों की नई पहचान बनी 'सोलर दीदी'

▸ 'मन की बात' में पीएम मोदी ने दिया 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में देश और समाज से जुड़े कई अहम विषयों पर विचार साझा किए.**

खेल से लेकर संस्कृति, स्वदेशी अभियान, रोजगार अवसर, सौर ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और ऐतिहासिक घटनाओं तक, मोदी के संबोधन ने नागरिकों को प्रेरित करने वाला संदेश दिया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर ने खेल जगत में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उन्होंने पूरे देश को गर्वित किया है. उन्होंने इसे बदलते भारत और युवाओं की नई ऊर्जा का प्रमाण बताया.

मोदी ने 'मन की बात' में कहा कि बाढ़ और बारिश की तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर में दो ऐतिहासिक आयोजन हुए. पहला आयोजन पुलवामा के स्टेडियम में हुआ, जहां पहली बार डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया. यह मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा था जिसमें राज्य की कई टीमें उतरीं. हजारों युवाओं ने रात के समय क्रिकेट का आनंद लिया. मोदी ने कहा कि पहले पुलवामा में ऐसा संभव नहीं था, लेकिन अब देश बदल रहा है और नई उम्मीदें जन्म ले रही हैं.



### खेलों से चमका जम्मू-कश्मीर

दूसरा आयोजन श्रीनगर की डल झील पर आयोजित पहला 'खेलो इंडिया जल स्पोर्ट्स उत्सव' था. इस आयोजन ने जल क्रीड़ा को बढ़ावा देने की दिशा में नया अध्याय जोड़ा. इसमें पूरे देश से 800 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया, जिनमें महिला खिलाड़ियों की भागीदारी भी पुरुषों के बराबर रही. मोदी ने विशेष रूप से मध्य प्रदेश को बधाई दी जिसने सबसे अधिक पदक जीते, जबकि हरियाणा और ओडिशा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सरकार और वहां की जनता ने जिस तरह उत्सव का आयोजन किया.

पीएम ने कहा कि आयोजन के अनुभव को साझा करने के लिए उन्होंने दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से बात की. ओडिशा की रश्मिता साहू, जिन्होंने कैनोइंग स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते, ने बताया कि खेल सुविधाओं के अभाव के बावजूद उन्होंने संघर्ष कर यह मुकाम हासिल किया. वहीं श्रीनगर के मोहसिन अली ने कहा कि उनका सपना देश के लिए ओलंपिक में पदक लाना है. उन्होंने विश्वास जताया कि ये आयोजन आने वाले समय में क्षेत्र के युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे.

# सांसद अंसारी बोले भागवत की सोच से नफरत का अंत संभव

**गाजीपुर, 31 अगस्त मोहन भागवत की खुलकर तारीफ कर सियासी हलकों में हलचल मचाने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी ने गाजीपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान बयान दिया कि हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से बेहतर कोई मंच नहीं है.**

उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत की सोच को देश में एकता और भाईचारे की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बताया. शनिवार को रायफल क्लब में आयोजित विद्युत समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अफजाल ने मोहन भागवत के हालिया बयान का स्वागत किया. उन्होंने कहा, भागवत जी ने सही कहा कि हर मस्जिद और मजार में शिवलिंग की तलाश से देश कमजोर होगा. ऐसे विचारों की समाज में आवश्यकता है, जिससे नफरत का कारोबार खत्म हो सके. अफजाल अंसारी का यह बयान इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि वे अक्सर केंद्र की मोदी सरकार और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की आलोचना करते रहे हैं.



## आपदा से यूपीसीएल व लोनिवि को नुकसान

**देहरादून, 31, अगस्त.** उत्तराखंड में हुई अतिवृष्टि सरीखी प्राकृतिक आपदाओं से राज्य के ऊर्जा निगम लिमिटेड (यूपीसीएल) को व्यापक क्षति हुई है. उसे सबसे अधिक क्षति गढ़वाल मंडल में उठाना पड़ी है, क्योंकि इस क्षेत्र में आपदा का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है. वहीं लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भी व्यापक क्षति उठानी पड़ी है. यूपीसीएल के महानिदेशक अनिल कुमार यादव के अनुसार, गढ़वाल और कुमायूं दोनों मंडल में आपदा के कारण कुल 4200 गांवों में आपूर्ति बाधित हुई थीं. जिनमें शनिवार रात तक 4145 गांवों में फिर से विद्युत आपूर्ति सुचारु की जा चुकी है. अगले दो दिनों में अवशेष 50 गांव में भी आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी.


# चुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा की बैठक

**नईदिल्ली, 31 अगस्त. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार चुनाव को लेकर दिल्ली में तीन सितंबर को बड़ी बैठक बुलाई है.**

इस बैठक में बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित सभी बिहार के केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे. बैठक में शाह के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और बिहार के प्रभारी विनोद मौजूद रहेंगे बैठक में विधानसभा चुनाव से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी. बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के साथ सीट बंटवारे, उम्मीदवारों का चयन, चुनाव की रणनीति जैसे महत्तवपूर्ण मुद्दो पर चर्चा होगी. सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजग के घटक दलों को भी बुलाया गया है. गौरतलब है कि बिहार विधान सभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को खत्म हो रहा है. इस तारीख के पहले ही बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ये बैठक ऐसे समय बुलाई गई है जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा को लेकर बिहार में काफी गहमागहमी है.

## शाह ने सरदार बाग का किया उद्घाटन

**अहमदाबाद.** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में टोरंट समूह की धर्मार्थ शाखा, यूएनएम फाउंडेशन द्वारा विकसित और प्रबंधित नवनिर्मित सरदार बाग का रविवार को उद्घाटन कर नागरिकों को समर्पित किया. प्राकृतिक वैभव की विरासत को पुनर्जीवित करते इस उद्यान का उद्घाटन राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री ऋषिकेशभाई पटेल, अहमदाबाद शहर की महापौर प्रतिभाबेन जैन, टोरंट समूह के मानद अध्यक्ष सुधीर मेहता, टोरंट पावर के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जिनल मेहता, संसद सदस्य हसमुखभाई पटेल, विधायकों, नगर निगम के नगर आयुक्त बंछानिधि पाणि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ.



## बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती

**लखनऊ, 31 अगस्त.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा. बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया. मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है.

# तेलंगाना विस में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पारित

▸ पंचायतों में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त

**हैदराबाद 31 अगस्त. तेलंगाना विधानसभा ने बहुप्रतीक्षित पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी जिससे पंचायतों में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो गया.**



इस विधेयक को पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री दानसारी अनसूया सीतक्का ने सदन में पेश किया. विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक के साथ-साथ पंचायत राज अधिनियम संशोधन विधेयक और नगरपालिका अधिनियम संशोधन विधेयक को भी पारित किया गया. यह स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा एक प्रमुख विधायी कदम है. सीथक्का ने राज्य के सामाजिक न्याय एजेंडे में इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि सरकार इसे जमीनी स्तर के शासन में पिछड़े वर्गों के कम प्रतिनिधित्व को दूर करने के लिए एक सुधारात्मक कदम के रूप में पेश कर रही है. सीथक्का ने सहयोग की अपील करते हुए सभी विपक्षी विधायकों से विधेयक का पूर्ण समर्थन करने का आग्रह किया.

उन्होंने इससे पहले सदन में सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए ने कहा कि पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार पंचायत राज अधिनियम, 2018 लेकर आई थी, जिसने ग्रामीण स्थानीय चुनावों में आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित कर दिया था. उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के रिश्तेदार पिछड़े वर्ग के आरक्षण में बाधा डाल रहे हैं. सीथक्का ने कहा अगर कोई अदालत जाता है, तो मुख्यमंत्री को दोष देने का क्या मतलब है. मंत्री ने सदन को याद दिलाया कि बीआरएस ने ही पहले पिछड़े वर्ग के आरक्षण को कम किया था. उन्होंने कहा कि बीआरएस ने विधानसभा में मुसलमानों के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था- लेकिन क्या यह कभी हासिल हुआ. सीथक्का ने दोहराया कि कांग्रेस सरकार पिछड़े वर्ग के आरक्षण को 42 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. उन्होंने तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ पिछड़े वर्ग के आरक्षण को बढ़ाने के लिए एक दशक का संघर्ष करना पड़ा. उन्होंने बताया, 24 जनवरी 1980 को मुख्यमंत्री एम. जी. रामचंद्रन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का निर्णय लिया. हालाँकि इस निर्णय को लागू होने में 10 वर्ष लग गए.

## एक नजर में



### टनल के दरवाजे पर गिरी चट्टान, कार्मिक फंसे

**पिथौरागढ़/देहरादून, 31 अगस्त.** उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में नेशनल हाइड्रो पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) के पावर हाउस की टनल का दरवाजा (गेट) ऊपर पहाड़ पर भूस्खलन के कारण आए भारी मलवा आदि गिरने से बन्द हो गया. जिससे टनल में कार्यरत कुल उन्नीस (19) कार्मिक फंस गए. अभी तक आठ को सुरक्षित निकाला जा चुका है. वहीं ग्यारह (11) कर्मचारी अभी उसके भीतर फंसे हैं. प्रशासन के अनुसार ये सभी फिलहाल सुरक्षित हैं और इन्हें निकालने का प्रयास जारी है. पिथौरागढ़ के जिला अधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि शनिवार रात में धारचूला के ऐलागाड़ में ऊपर पहाड़ी पर धंसाव हुआ. जिससे बड़ी मात्रा में गिरा मलवा और और पत्थर, नीचे एनएचपीसी पावर हाउस की भूमिगत टनल के गेट पर जा गिरा. इससे वह बंद हो गया. इस कारण टनल के भीतर कार्यरत 19 कार्मिक फंस गए. इनमें से आठ कार्मिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि 11 कार्मिक अभी टनल में फंसे हैं. जिन्हें निकालने के लिए प्रयास चल रहे हैं.

### यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष की हत्या

**कीव, 31 अगस्त.** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई.यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी. यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोलीबारी की और 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई. स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है, जो डिलीवरी राइडर का वेश धारण करके इलेक्ट्रिक बाइक पर भाग गया था. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने इस हत्या की निंदा करते हुए इसे भयावह हत्या बताया.

### मराठा आरक्षण की लड़ाई, तीसरे दिन भी अनशन

**मुंबई, 31 अगस्त.** कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा, क्योंकि राज्य द्वारा नियुक्त सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ पहले दौर की वार्ता विफल रही. जरांगे अपनी मांग पर अड़े रहे कि मराठों को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए उन्हें कुनबी के रूप में वर्गीकृत किया जाए. उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जब तक सरकार कोई जवाब नहीं देती, तब तक वह अपना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे. इससे पहले पाटिल ने घोषणा की थी कि जब तक राज्य सरकार समुदाय की आरक्षण की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा नहीं करती, तब तक वह पीछे नहीं हटेंगे.

# लखनऊ के पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, 2 की मौत

**लखनऊ, 31 अगस्त. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा इलाके में रविवार सुबह को पटाखा फैक्टरी में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया.**

धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर भागे. हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग घायल हैं. घायलों में 2 की हालत गम्भीर हैं जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है. मौके पर डीएम और पुलिस आयुक्त, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड मौजूद हैं. विस्फोट इतना भीषण था कि पटाखा की दीवारें उड़ गईं हैं. साथ ही फैक्ट्री के नजदीक का एक घर उड़ गया. इसमें कई लोग दबकर घायल हो गए हैं. धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी. मौके पर पहुंचे पुलिस व दमकल विभाग की टीम लगातार रेस्क्यू कर रही है. शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है.



## राहुल गांधी को अनुमति न मिलने की खबर झूठी

**पटना, 31 अगस्त.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को गांधी मैदान में 31 अगस्त की रात ठहरने की अनुमति नहीं दिये जाने की खबर को पटना जिला प्रशासन ने पूरी तरह से भ्रामक, असत्य और तथ्यों से परे बताया है. पटना के अपर जिला दंडाधिकारी की ओर से आज यहां जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अभा राष्ट्रीय कांग्रेस या किसी अन्य दल या किसी व्यक्ति द्वारा गांधी मैदान में रात्रि प्रवास या किसी अन्य प्रयोजन के लिये कोई अनुमति मांगी ही नहीं गई थी. इसलिये यह दावा कि श्री गांधी को गांधी मैदान में रुकने से रोका गया है, यह खबर पूरी तरह से निराधार है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से केवल दो प्रकार की अनुमति मांगी गई थी.

## आज का इतिहास

1529- अर्जेंटीना में पहली यूरोपीय बस्ती सैंक्चुरी स्पिरिटु स्थानीय मूल निवासियों द्वारा धोखे से ली गई थी।


1604- गुरु ग्रंथ साहिब, सिख धर्म का धार्मिक ग्रंथ, हरमंदिर साहिब में स्थापित किया गया था।

1689- पूर्वी यूरोप और उत्तर एशिया में स्थित देश रूस ने दाढ़ी पर टैक्स (कर) वसूलने की शुरुआत की।

1713- टसकारोरा युद्ध : कर्नल मिल्स की अगुआई वाले कैरोलिना मिलिशिया, खिलाफ अभियान शुरू में सफलता के बाद दक्षिण कैरोलिना लौटे।

# सुप्रीम कोर्ट जज बोले : अब तो कुत्ते भी दे रहे आशीर्वाद

**नई दिल्ली, 31 अगस्त 2025 सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि अब तो कुत्ते भी मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं.**



आवारा कुत्तों से जुड़े चर्चित केस ने उन्हें न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रसिद्ध बना दिया है. इस टिप्पणी से जहां अदालत परिसर में हल्की मुस्कान फैल गई, वहीं गंभीर मुद्दे पर न्यायपालिका की सक्रियता भी सामने आई. कुत्तों के केस ने बनाया ग्लोबल फेस जस्टिस विक्रम नाथ का बड़ा बयान सुप्रीम कोर्ट के एक चर्चित केस ने न्यायपालिका के गलियारों में हलचल मचा दी है ङ्क और इस बार वजह है आवारा कुत्ते. लेकिन मुद्दा सिर्फ कानून का नहीं, एक अनोखी प्रसिद्धि का भी है. सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें अब सिर्फ वकील या जज नहीं, बल्कि डॉग लवर्स और डॉग्स तक पहचानने लगे हैं. अब तो कुत्ते भी मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं, ङ्क इस बयान ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को गुदगुदा दिया, लेकिन साथ ही यह बताता है कि कैसे एक संवेदनशील विषय ने जज को ग्लोबल पहचान दिलाई. यह टिप्पणी उन्होंने केरल में एक कानूनी कॉन्फ्रेंस के दौरान दी, जिसे और द्वारा आयोजित किया गया था. इसमें देश के तमाम वरिष्ठ न्यायाधीश और कानूनी विशेषज्ञ शामिल हुए. जस्टिस नाथ ने कहा कि उन्हें यह केस सौंपने के लिए सीजीआई बीआर गवई का आभार है.

### अदालतें जनता के भरोसे की प्रतीक : नाथ


यह मामला तब चर्चित हुआ जब दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में भेजने के आदेश पर बवाल मचा. डॉग लवर्स और एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट्स के भारी विरोध के बाद, केस को जस्टिस नाथ की अध्यक्षता में तीन जजों की बेंच को सौंपा गया. बेंच ने संशोधित आदेश में कहा कि कुत्तों को टीका लगाकर और डीवॉर्मिंग के बाद वहीं छोड़ा जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था. जस्टिस नाथ ने इस मौके पर यह भी कहा कि अदालतें जनता के भरोसे की प्रतीक हैं और देश के संसाधन सिर्फ सरकार के नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी भी हैं. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ की अगवाई वाली दो जजों की बेंच ने 11 अगस्त को सभी आवारा कुत्तों को दिल्ली एनसीआर से हटाने का आदेश दिया था. मगर, इस फैसले का विरोध होने के बाद 22 अगस्त को तीन जजों की बेंच ने इस मामले में रियायत दे दी. नाथ की अगवाई वाली बेंच ने आवारा कुत्तों को वैक्सीन देने के बाद दोबारा उसी इलाके में छोड़ने का आदेश दिया था. जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया भी इस बेंच का हिस्सा थे. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की यह रियायत बीज से संक्रमित कुत्तों पर लागू नहीं होगी.

## जकार्ता में हिंसा, राष्ट्रपति ने चीन दौरा रद्द

**जकार्ता, 31 अगस्त.** इंडोनेशिया में सांसदों के वेतन बढ़ोतरी के खिलाफ भड़के हिंसक प्रदर्शनों के चलते राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो को चीन की महत्वपूर्ण यात्रा रद्द करनी पड़ी है. हालात इतने बिगड़ गए हैं कि राजधानी में आगजनी, लूटपाट और हिंसा ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. तीन लोगों की मौत और दर्जनों घायल होने की पुष्टि हो चुकी है. इंडोनेशिया आंतरिक संकट से गुजर रहा है. सांसदों की वेतन वृद्धि के खिलाफ देशभर में भड़के प्रदर्शन अब हिंसक रूप ले चुके हैं. स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो को चीन की यात्रा रद्द करनी पड़ी है, जहां वे 3 सितंबर को 'विजय दिवस' परेड में शामिल होने वाले थे.

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. जड़खोर गोधाम ब्रज 84 कोस क्षेत्र डीग राजस्थान और दिल्ली प्रकोष्ठ निशांत कुंज पीतमपुरा नई दिल्ली द्वारा श्रीमद भागवत कथा और ऋषि पंचमी महोत्सव का आयोजन दी-हैरिटेज ग्रैंड ब्रिटानिया चौक दिल्ली में किया गया जिसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों से आये कथा प्रेमियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और कथा का आनन्द लिया.**



जड़खोर गोधाम सचिव अतुल अग्रवाल गोधाम पथमेडा के सी.ई.ओ. आलोक सिंहल और विरेन्द्र गर्ग और विशिष्ट सहयोगी सुशील बाहेती, खाटूश्याम दिल्ली धाम घनश्याम गुप्ता जावेरी, सूर्या ग्रुप के एस.एन. बंसल आदि ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का प्रवचन श्री रेवासा वृंदावन धाम के अनन्त श्री विभूषित श्रीमद्जगदगुरु द्वारा आचार्य श्री अग्रपीठाधीश्वर एवं श्री मलूक पीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन 23 से 29 अगस्त 2025 (सात दिवसीय) तक किया गया जिसमें प्रतिदिन लगभग दो हजार श्रद्धालुओं ने महाराज जी का आशीर्वाद और कथा का आनन्द लिया. प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक सुभाष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल और श्री राधिका दास रूंगटा व डा. नन्द किशोर गर्ग थे. मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक करनैल सिंह, तिलक राज, श्रीमती सुशीला देवी और विशिष्ट सहयोगी सुशील बाहेती, संदीप मदान आदि अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

**आफत भरा मौसम** ▸ ब्यास नदी उफान पर, निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा

# उत्तराखंड व पंजाब में भारी बारिश की चेतावनी

**देहरादून/कपूरथला/जम्मू,31 अगस्त. उत्तर भारत में मानसून का रौद्र रूप जारी है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो आगामी चार दिनों तक प्रभावी रहेगा.**

राज्य के देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में तेज बारिश और भूस्खलन की आशंका जताई गई है. जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को हुयी भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएँ हुयी. इस चेतावनी के बाद संबंधित जिला अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन दलों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश जारी किए हैं. दूसरी ओर, पंजाब में भी हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं. ब्यास नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कपूरथला, सुल्तानपुर लोधी और भुलत्थ जैसे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है और सेना व स्ठ्रक्र्न की टीमें राहत कार्यों में जुटी हुई हैं. ब्यास नदी का जलस्तर 2.35 लाख क्यूसेक तक पहुंच चुका है. पंजाब और उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है और प्रशासन को आपात योजनाएं सक्रिय करनी पड़ी हैं. उत्तर भारत में भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार और सोमवार को उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी.



### जम्मू में आज स्कूल बंद रहेंगे

जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को हुयी भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हुई. इसी बीच चिनाब नदी में शनिवार रात से फंसे आठ लोगों को सकुशल निकाल लिया है. भारी बारिश को देखते हुए जम्मू में सोमवार को स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गये हैं. सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम की चेतावनी के मद्देनजर अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी निजी और सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है. जम्मू क्षेत्र के अधिकांश इलाकों में भारी बारिश हुई.

# गाजा में इजरायली हमलों से 57 की मौत

▸ अपार्टमेंट व फ़िलिस्तीनियों के समूह को निशाना बनाया

**गाजा, 31 अगस्त. गाजा पट्टी में इज़राइली हमलों में कम से कम 57 फिलिस्तीनी मारे गए. फिलिस्तीनी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी.**



गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फ़िलिस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई. बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इज़रायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए. बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इज़रायली हवाई हमले में पाँच महिलाओं और पाँच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए. उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई. उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिण में ज़ितून मोहल्ले पर इज़रायली हमलों में छह लोग मारे गए. शहर के शेख रादवान और सबरा इलाकों में आवासीय भवनों पर तड़के इज़रायली छापे और बमबारी की भी सूचना दी, जिसके बीच इज़रायली हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों ने तीव्र उड़ान भरी. लोगों ने ज़ोरदार विस्फोटों और तेज़ गोलीबारी की आवाज़ें सुनीं.